सार-समाचार

बिछिया चौकी में जागरूकता शिविर आयोजित

डिंडौरी, देशबन्धु। श्रीमान पुलिस अधीक्षक संजय सिंह डिंडोरी के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक लाल तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस शहपुरा लोकेश मार्को के मार्गदर्शन में चौकी बिछिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत बड़झर एवं सिल्टार में कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुये नागरिकों की मीटिंग ली गई । जिसमे , कोविड 19 के निर्देशों का पालन करने हेतु समझाईश देते हुए चिटफंड कंपनी से संबंधित शिकायत एवं गतिविधियों के संबंध में विशेष चर्चा कर जागरूकता के संबंध में बताया गया व मोबाइल फोन, मोबाइल एप्स व अन्य माध्यम से ठगी करने के संम्बंध में भी लोगों को जागरुक किया गया एवं वृद्धजनों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी गई ,इस दौरान 47 आवेदन प्राप्त हुये है। मीटिंग के दौरान बृद्ध लोगो की भी समस्या जानी गई और मौके पर ही समस्या का निराकरण किया गया। मीटिंग में प्रधान आरक्षक अयाज खान,सुनील पट्टा,गणमान्य नागरिक , वृद्धजन उपस्थित रहे।

मास्क का आवश्यक रूप से उपयोग करें

दमोह,देशबन्धु। कलेक्टर तरूण राठी ने जिले के निवासियों से अपील की है कि घर से बाहर निकलने पर मास्क आवश्यक रूप से लगायें तथा परस्पर सामाजिक दूरी का पालन करें। उन्होंने कहा है कि अनावश्यक घर से बाहर ना निकलें। श्री राठी ने कहा है हमें जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा संक्रमण को रोकने के लिए मास्क का उपयोग और परस्पर सामाजिक दूरी का पालन और हाथों को साबुन से बार-बार धोना आवश्यक रूप से किया जायें। कलेक्टर ने कहा है कि सर्दी-खांसी, बुखार होने पर फीवर क्लीनिक जाकर उपचार करायें, कोरोना से डरने की जरूरत नहीं है, पर इससे कतई न घबराये, तुरंत इसका ईलाज करवायें।

बिना मास्क लगाए घूमने वालों पर लगाया जुर्माना

हटा,देशबन्धु। बिना मास्क पहनकर घूमने वालों से अब जुर्माना बसूलने का अभियान छेड़ दिया गया है कोविड 19 में कोरोना के बढ़ते संक्रमण एवं लोगों के मास्क उपयोग न करने को प्रशासन ने गंभीरता से लिया है। नगर पालिका एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मास्क लगाए बिना घूमने पर सौ-सौ रुपये बसूलने के निर्देश जिला प्रशासन ने दिए है जिसके पालन में प्रभारी अधिकारी उपनिरीक्षक प्रदीप चौधरी द्वारा नगर पालिका कर्मचारियों के सहयोग से दिनों में 196 लोगों से 19 हजार 6 सौ रुपये जुर्माने के रूप में बसूल लिया गया। एस पी हेमंत चौहान ने हटा दौरे में उपनिरीक्षक प्रदीप चौधरी को निर्देश दिए कि मास्क का उपयोग न करने वालों को सख्ती से जुर्माना बसूले और नगर में घूम-घूम कर कार्यवाही करें ताकि लोगों को मास्क लगाने की आदत पड़ जाए।

दमोह जिले में अब तक 35.8 इंच वर्षा दर्ज

दमोह,देशबन्धु। जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 909.5 मिमी अर्थात 35.8 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है जो अभी तक गत वर्ष से 177.1 मिमी अर्थात 6.9 इंच वर्षा कम है। इसी अवधि में गत वर्ष 1086.6 मिमी अर्थात 42.7 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा तेन्दूखेड़ा में 1120.2 मिमी दर्ज की गई है। अधीक्षक भू अभिलेख वर्षा दुबे से प्राप्त वर्षा के आंकड़ों अनुसार जिले के वर्षा मापी केन्द्र दमोह में 743 मिमी, पथरिया 944 मिमी, हटा 848 मिमी, पटेरा 723 मिमी, बटियागढ़ 939.3 मिमी, तेन्दूखेड़ा 1120.2 मिमी तथा जबेरा में 1049 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

प्रधानमंत्री आवास बने असामाजिक गतिविधियों के अड्डे

डिंडौरी,देशबन्धु। जिला मुख्यालय के करीब औरई रोड के पास बन रहे प्रधानमंत्री शहरी आवास जुआरियों और दारुखोरो का अड्डा। विगत कई सालों से प्रधानमंत्री शहरी आवास के अंतर्गत बन रही बिल्डिंग के कार्य पर आज जनपथ टुडे की नजर पड़ी तो देखा कि अभी अभी तैयार की गई बिल्डिंग ही क्षतिग्रस्त नजर आने लगी और स्थितियां बदतर हो रही हैं दीवारों पर काई लग रही है तो वही बड़े-बड़े क्रेक भी नजर आ रहे है।इस ओर जिम्मेदार अधिकारी आंखों पर काला पट्टा बांधे अपनी कुर्सी तोड़ रहे हैं। कुछ आवास कंप्लीट भी हो गए हैं पर आज भी वह बंद होने के कारण उनकी दुर्दशा हो रही है और जरूरतमंदों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। वही इसकी गुणवत्ता पर भी बड़ा सवाल खड़ा होता है जब बिल्डिंग अभी नई बनकर तैयार हुई है और दीवारों पर क्रैक आ जाना, लगी हुई इटो का टूट कर गिरना कहीं ना कहीं यह साबित करता है कि तेज हवाओं के झोंके से इन बिल्डिंग की दीवारें कभी भी गिरा सकते हैं जिसका खामियाज़ा किसके मत्थे होगा? देखा जाए तो नगर के पास ही जब ऐसे घटिया तरह के कार्य को अंजाम दिया जा रहा है तो सोचिए उन बिल्डिंगों में किस तरह से लोग अपना गुजर-बसर करेंगे।

औरई मार्ग पर निर्माणाधीन आवास की बिल्डिग में जहां टूट फूट जो रही है वहीं ये स्थल फिलहाल जुआरियों, दारुखोरो और असामाजिक तत्वों का अड्डा बना हुआ है दूसरी तरफ नगर पंचायत की अनदेखी से लोगों को इन आवासों का लाभ भी नहीं मिल पा रहा है। शासन के खजाने को इस प्रकार के घटिया निर्माण कार्य से हानि हो रही है। गौरतलब है विगत कुछ दिनों पहले भी समाचार पत्रों में इसकी गुणवत्ता को लेकर आवाज उठाई गई थी पर अब तक इस ओर बिल्कुल सन्नाटा सा छाया हुआ है और लोग आस लगाए बैठे हैं कि कब उन्हें अपना मकान मिलेगा और वह अपना गुजर-बसर निर्माणाधीन आवास में रहेंगे।

कलेक्टर-एसपी ने नगर के कंटेनमेंट क्षेत्रों में पहुंचकर किया निरीक्षण

दमोह,देशबन्धु। कलेक्टर तरूण राठी, पुलिस अधीक्षक हेमंत चौहान के साथ दोपहर आकस्मिक रूप से बड़ापुलए बड़ा पुरा, महाकाली चौराहा, फुटेरा वार्ड 4 में पहुंचकर कंटेनमेंट क्षेत्र का निरीक्षण कर मौजूद अधिकारियों को हिदायत दी। उन्होंने कहा क्षेत्र में कोई भी व्यक्ति आवाजाही न करेए यदि उल्लंघन करता है, तो उनके विरूद्ध कार्रवाई की जाये। इस अवसर पर नोडल अधिकारी नायब तहसीलदार जबेरा रोहित राजपूत मौजूर रहे। कलेक्टर ने कहा उनके वसाथ ड्यूटी में संलग्न पुलिस अधिकारियों के साथ सतत रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों से कहा ड्यूटी में लापरवाही कतई न हो अन्यथा निलंबन की कार्रवाई की जायेगी। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक श्री चौहान यहा से हटा के लिये रवाना हो गये।

बोंदर बजाग मार्ग पर सालों से बन रहा पुल आवागमन में बना परेशानी का सबब

डिंडौरी,देशबन्धु। बोंदर से बजाग जाने वाले मार्ग में पुल का निर्माण कार्य पिछले 2 सालों से चल रहा है और बरसात की शुरुआत से अब तक भारी कीचड़ के चलते लोगों का आवागमन बेहद मुश्किल हो रहा है।

दस किलोमीटर से अधिक का चक्कर पड़ने के कारण बोंदर क्षेत्र के आस पास के रहवासी इस रास्ते से निकलने मजबूर है जिन्हे न केवल परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बल्कि दुघर्टना का शिकार भी हो रहे है वाहन चालक। निर्माण एजेंसी और ठेकेदार यदि चाहे तो व्यवस्था सुधारी भी जा सकती है लोगों को निकलने में कुछ आसानी हो सकती है किन्तु इस आदिवासी अंचल के भोले भाले लोगों की अपेक्षा का यह खुला उदाहरण है जहां अधिकारी जिम्मेदार लोगों पर कठोर कार्यवाही नहीं करते और इस तरह महीनों में होने वाला कार्य कई कई सालों तक चलते रहते है फिर भी कहीं कोई कार्यवाही नहीं होती।

सड़क निर्माण में लगे कर्मचारी से मारपीट

हटा, देशबन्धु। हटा में नगर पालीका द्वारा सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण किया जा रहा है और नगरबासी अब निर्माण श्रमिकों पर अपना आक्रोश जताने लगे हैं। इसी प्रकार की घटना ककराई नवोदय वार्ड स्थित सरदार गली में घटित हुई जहां दमोह के सौरभ कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा था कि स्थानीय सब्बीर खान ने मजदूर के साथ गंभीर मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट ठेकेदार सौरभ खरे ने मजदूर के साथ हटा पुलिस थाने में दर्ज कराई जिस पर आईपीसी की धारा 294, 323, 506 अनुसूचित जाति एवं जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम 1989 की धारा 3 (2) (व्हीए), 3 (1) (ध) 3 (1) (द) के अंतर्गत सब्बीर खान के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

शिवसेना जिला डिंडौरी इकाई ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

डिंडौरी,देशबन्धु। जिले विगत दिनों शिवसेना जिला प्रमुख डिंडौरी मुरली मनोहर पाराशर ने जिले के एस डी एम को प्रदेश के मुखिया के नाम से ज्ञापन सौंपा वही जिले के शिवसेना प्रमुख मुरली परासर ने बताया कि मध्यप्रदेश में युवा स्वरोजगार के लिए के लिए भटक रहा है भारतवर्ष में चल रही कोरोना महामारी के कारण मध्य प्रदेश के लाखो युवा साथी जो शिक्षित है और मेहनतकश व्यक्ति जो हमाली से लेकर बेलदारी व मिस्त्री ,जुड़ाई, पेंटर, प्लंबर इलेक्ट्रिशियन, टेंट वाले, बैंड वाले लाइट वाले या बग्गी वाले व अन्य सभी प्रकार के मजदूर वह उनका परिवार जो भारत देश के विभिन्न राज्यों में जाकर रोजगार का कार्य कर रहे थे कोरोना महामारी के चलते सभी को अपने-अपने रोजगार बंद होने के कारण व निजी क्षेत्र में काम कर रहे नौकरी व उद्योग धंधों से चल रहा है जीवन, नौकरी से जो अपने व अपने परिवार के सभी प्रकार का भरण पोषण करते थे वे वर्तमान में अपने घरों में बैठे हैं, परिवार के तबाह हो रहे हैं, सभी की रक्षा व जीवन यापन, गुजर बसर हो सके इस हेतु माननीय मुख्यमंत्री जी से अनुरोध से अनुरोध किया है कि प्रत्येक बेरोजगार की स्थिति सामान्य होने तक प्रतिमाह ?10000 गुजारा भत्ता दिया जाए जिस प्रकार से रोड के किनारे ठेला लगाने वाले को सिर्फ एक बार आप 10000 दे रहे हैं उसी प्रकार बीमारी समाप्त होने तक हर बेरोजगार युवा को प्रति माह 10000 राशि दी जाए!

इस अवसर पर शिवसेना जिला प्रमुख डिंडौरी के अतिरिक्त डिंडौरी ब्लॉक अध्यक्ष पुरुषोत्तम पाराशर, शिव सेना युवा सेना जिला अध्यक्ष नयह साहू, बजाग ब्लॉक अध्यक्ष बबलू गौतम, शिव सेना जिला महामंत्री जगदीश ठाकुर, समनापुर ब्लाक अध्यक्ष गणेश राजपूत, महिला सेना अध्यक्ष संतोषी परस्ते, राजू पाराशर, पप्पू ठाकुर,लछमण चंदेल,गंगा रजक आदि शिवसैनिक पदाधिकारी मौजूद थे।

गांजा का अवैध परिवहन करने वाले का जमानत आवेदन निरस्त

डिंडौरी देशबन्धु। मीडिया सेल प्रभारी एवं जिला अभियोजन अधिकारी मनोज कुमार वर्मा द्वारा बताया कि थाना करंजिया के अपराध क्रमांक 157/20 के आरोपी नंदकुमार पिता कोदूलाल पटेल उम्र 26 वर्ष निवासी जबेरा जिला दमोह द्वारा दिनांक 11.08.2020 को 02 किलोग्राम गांजा अवैध रूप से बिना नंबर मोटर सायकल से परिवहन करते हुए करंजिया पुलिस द्वारा नाकाबंदी करके जप्त कर धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। उक्त मामले में आरोपी की जमानत आवेदन पर सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश डिण्डौरी द्वारा आरोपी का जमानत निरस्त किया दिया।

प्रधानमंत्री आवास योजना से पक्के आवास का सपना हुआ साकार

दमोह,देशबन्धु। जिला दमोह की जनपद पंचायत जबेरा के ग्राम पंचायत भाट खमरिया के ग्राम नदरई निवासी रघुवीर सिंह लोधी जो कि अपनी थोड़ी सी खेती के साथ मजदूरी का कार्य करते रहे, बाहर भी मजदूरी करने जाते रहे, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत इन्हें कुटीर स्वीकृत हुई जिसमें इन्हें 1,20,000 प्रधानमंत्री आवास योजना से एवं 15,000 मनरेगा से मजदूरी का प्राप्त हुआ। साथ ही 12,000 शौचालय की राशि प्राप्त हुई जिससे इनके द्वारा एक सुंदर मकान ग्राम में ही बना लिया। गरीबी रेखा होने के कारण राशन भी प्राप्त हो जाता है जिससे उसे अब बाहर नहीं जाना पड़ता एवं गांव में ही प्रेम पूर्वक सुख से अच्छे घर में जीवन यापन हो रहा है। वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ओर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को धन्यवाद दे रहे है। वे कहते हैं, उनका पक्के आवास का सपना साकार हो गया। रघुवीर नये मकान को पाकर बेहद खुश है। वे यह भी कहते है कि अब बारिश के दिनों में होने वाली परेशानियों से हमेशा के लिए छुटकारा मिल गया है। इसी प्रकार ग्राम पड़रिया के प्रधानमंत्री आवास के हितग्राही भागचंद गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय राज्यमंत्री, कलेक्टर और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति पाकर बेहद खुश है। वे कहते है कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने हमारे पक्के आवास के सपने को साकार कर दिया है। भागचंद का कहना है कि पक्का आवास बनाना उसका सपना तो थाए जिससे सरकार की मदद से साकार हो गया।

हिंदी दिवस में गरिमा ने बढ़ाया जिले का मान

दमोह देशबन्धु। हिंदी दिवस में एक प्रतिभा का सम्मान भी हुआ है जिसमें यह हमारे जिले में गौरव की बात है केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में पदस्थ गरिमा दूरियां जीडी महिला पुलिस बल यूनिट बटालियन केंद्रीय पुलिस बल शामिल जिन्हें हिंदी दिवस में वर्ष 2020 के पकवाड़ा कार्यक्रम प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया जो कि पूरे जिले के लिए गौरव की बात है केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल नई दिल्ली में गरिमा दूरियां का सिलेक्शन हुआ था वर्तमान में कार्यरत हैं इनके पिता राकेश धूरिया दमोह निवासी गरिमा की माँ किरण धूरिया ओर बहिन शीतल धूरिया जो दमोह में निवासरत है दोनो बहिन एक कि जिम्मेदारी घर की ओर दूसरी देश की सेवा में रिजर्व बल में तैनात हैं यह सम्मान मिलने पर सभी ने हार्दिक बधाई प्रेषित की है।

कोरोना के 14 और पॉजिटिव मिले

डिंडौरी, देशबन्धु। जिले में फिर आज शाम 14 लोगों की कोरोना जांच की रिपोर्ट पॉजिटिव पाई गई। डाक्टर ब्रजेश पटेल, जिला मलेरिया अधिकारी ने जानकारी में बताया कि आज आई रिपोर्ट्स में विक्रमपुर 1, अमरपुर 2, बजाग 5, शाहपुर 5,समनापुर 1 व्यक्ति पॉजिटिव पाया गया है।

जिले में कुल संक्रमित पाए लोगों की संख्या 247 और एक्टिव केस कुल 99 है जिसमें से 6 बाहर के जिलों में रिफर किए गए है और जिले में 93 एक्टिव केस है। कल भी जिले में 14 पॉजिटिव केस मिले थे और आज भी अभी तक 14 लोगो की पुष्टि हो चुकी है, कुल 14 पुलिस कर्मी संक्रमित होने की खबर सूत्रों से मिल रही है।

9 सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

दमोह, देशबन्धु। मप्र कन्स्ट्रक्शन मजदूर महासंघ द्वारा 9 सूत्रीय मांगों को लेकर श्रममंत्री के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया। महामंत्री देवेन्द्र चौबे ने मांगें बताई जिसमें कन्स्ट्रक्शन मजदूरों का भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार मण्डल से पंजीयन आवश्यक रूप से किया जावे एवं पंजीकरण तथा लाभ दिलाने का समय सुनिश्चित हो, भवन निर्माण मण्डल द्वारा श्रमिक को पंजीयन कराने हेतु आवश्यक दस्तावेज निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक खाता, स्व घोषणा पत्र, तीन फोटो एवं मोबाइल के साथ आवेदन करना मण्डल की गाईड लाइन में निश्चित किया गया है किंतु नगरीय निकाय शपथ पत्र और रजिस्टर्ड ठेकेदार के सील हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र की मांग करते है, इसके अभाव में श्रमिक के पंजीयन आवेदन पत्र अस्वीकृत किये जाते है। कमलनाथ सरकार ने पंजीयन कार्ड सत्यापन के नाम पर लगभग 148500 पंजीयन कार्ड बिना किसी पारदर्शी प्रक्रिया के निरस्त कर दिये थे, उन्हे वैद्य घोषित किया जाए। कोविड 19 कोरोना लॉकडाउन की अवधि में मप्र शासन द्वारा पंजीकृत श्रमिकों को दी गई सहायता राशि एक हजार रूपय प्रति मासिक श्रमिकों के बैंक खाता बंद होने के कारण एवं अन्य तकनीकि समस्याओं के कारण लगभग 300000 श्रमिकों के बैंक खाता में नहीं पहुंची है।

पारदी गिरोह से चोरी की वारदातों का खुलासा

दमोह,देशबन्धु। घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है। दिनांक 21 एवं 22 अगस्त की दरम्यानी रात को शासकीय आबकारी दुकान जबेरा व सिंग्रामपुर थाना जबेरा में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा शराब की दुकान में घुसकर 27500 रूपये नगद शराब की कुछ बोतले व पहनने के कपड़े चोरी किये थे जिस पर से थाना जबेरा में अप्रक्र 492/20 धारा 457, 380 ताहि का कायम किया गया था। दिनांक 24-25 अगस्त की दरम्यानी रात को ग्राम झलोन थाना तेन्दूखेड़ा में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर का दरवाजा गिरमिट से तोड़कर लगभग 47000 रूपये नगद व पहनने के कपड़े चोरी किये गये थे जिस पर से थाना में अप्रक्र 329/2020 धारा 457, 380 ताहि का कायम किया गया था। दिनांक 8 सितंबर की दरम्यानी रात थाना पटेरा क्षेत्रान्तर्गत घर में घुसकर दरवाजा गिरमिट से तोड़कर चोरी की थी जिस पर से थाना पटेरा में अपक्र 485/20 एवं अपराध क्रमांक 489/20 धारा 457, 380 ताहि का कायम कर विवेचना में लिया गया था। उक्त प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक दमोह हेमन्त चौहान ने अज्ञात आरोपियों की पतारसी हेतु लगातार निर्देश जारी किये थे। अति. पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन में उक्त प्रकरणों में अज्ञात आरोपियों की पतारसी का प्रयास किया गया जिसमें पुलिस को सफलता प्राप्त हुई। गिरफ्तारशुदा आरोपियों ने पूछताछ पर बताया कि उनके द्वारा जिला छतरपुर सागर व जबलपुर में वारदात करना स्वीकार किया है एवं एक आरोपी बृजेश के विरूद्ध थाना गोपालगंज जिला सागर में 12-13 वर्ष पुराने 5 स्थायी वारंट लंबित है।

उन गांव में पहले पानी पहुंचाएं जहां सबसे ज्यादा पेयजल की समस्या है : केन्द्रीय राज्यमंत्री पटैल

हमें अपने स्तर से बचाव और उनके साधन ढूंढ़ने पडेंगे, ताकि चिकित्सालयों पर ज्यादा बोझ ना बढ़े

दमोह,देशबन्धु। कैसे हम इस परिस्थिति को पार कर सके, अभी कोई भी दावा नहीं कर सकता कि कोरोना काल कितने दिन और चलेगा, यह स्वभाविक है 100 वर्षों में कभी भी दुनिया के सामने इतनी बड़ी विषम परिस्थिति नहीं आई, हम भाग्यशाली हैं कि हम इस परिस्थिति को पार करने की स्थिति में है। इस आशय की बात केन्द्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल ने जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा चुनौती बड़ी है, हमारी जनसंख्या में 1 प्रतिशत भी यदि संक्रमण हुआ तो आप कल्पना कीजिए लगभग ढाई करोड़ के आसपास हो जाएगा।

केन्द्रीय मंत्री ने कहा हम जिले स्तर पर बैठकर मूल्यांकन कर पा रहे हैं, यदि हमारे पास 108 बेड है तो हम 100 में ऑक्सीजन दे पा रहे हैं, चिकित्सा कि हमारे जो परिस्थितियां थी, उन में इजाफा हुआ है, यह अपने आप में कमाल का कार्य है, जब शांति का काल था, तब हम उस परिस्थिति तक नहीं पहुंच पाए लेकिन आज कोरोना काल भी सामने है और हम उस कमी को पूरी कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा डॉक्टर भी संक्रमित हुए हैं, दूसरे फेस में हम उनको भी अब थका हुआ देख रहे हैं क्योंकि लगातार कोई लंबे समय तक कितनी देर तक कार्य करेगा। आप अपने स्तर पर सोचिए यदि आपके परिवार में कोई व्यक्ति कोरोना संक्रमित हो तो आप उसको छू भी नहीं सकते इसलिए उस नजरिए से देखेंगे तो हमें शिकायत नहीं रहेगी।

श्री पटेल ने कहा हमें परिस्थिति को अपनाना चाहिए और अपनी कार्यवाही लगातार आगे बढ़ाना चाहिए, अभी लॉकडाउन के समय से ही पुलिसकर्मियों ने जिस प्रकार से लंबे समय तक अपना सहयोग दे रहे है। साथ ही जिलेवासियों ने जिस तरह से पुलिसकर्मियों का साथ दिया, सहयोग किया जिले वासियों का धन्यवाद। उन्होंने कहा सैनिटाइजर कार्य संस्थाओं पर मत छोड़िए अभी फिर से जिले में सैनिटाइज का कार्य किया जा रहा है, पंचायतें 2 दिन के भीतर शत प्रतिशत सैनेटाईज करें, हमें अपने स्तर से बचाव और उनके साधन ढूढ़ने पडेंगे, ताकि चिकित्सालयों पर ज्यादा बोझ ना बढ़े जिनके पास काम नहीं है, उनको काम मिले ये अधिकारी व जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है तभी हम सरकारी योजनाएं सभी को राहत दे पायेगी।

केन्द्रीय मंत्री श्री पटैल ने जिला अस्पताल में एक्सरे हेतु टेक्नीशियन रखने के लिए कहा। उन्होंने कहा इसके मानदेय की चिंता ना करें, तत्काल कार्रवाही कर लें। श्री पटैल ने जल निगम के अधिकारियों से कहा समूह जल प्रदाय योजनाओं के तहत उन गांव में पहले पानी पहुंचायें जिन गांव में सबसे ज्यादा जहां पेयजल की समस्या है। बैठक में पिछली बैठक का कार्यवाही विवरण और की गई कार्यवाही की समीक्षा की गई। बैठक के दोरान कृषि विभाग द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, मनरेगा की प्रगति की समीक्षा, जल संसाधन द्वारा जलाशयों में जल की उपलब्धता, जल निगम द्वारा समूह जल प्रदाय योजनाओं की प्रगति का पावर प्वाइंट के माध्यम से बताया गया। श्री पटैल ने सभी संबंधित विभागों को इस संबंध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने निर्देश दिये। बैठक में कलेक्टर ने कोविड-19 के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में विधायक राहुल सिंह, विधायक पीएल तंतुवाय, कलेक्टर तरूण राठी, पुलिस अधीक्षक हेमंत चौहान, सीईओ जिला पंचायत डॉ. गिरीश मिश्रा, अपर कलेक्टर आनंद कोपरिहा, सांसद प्रतिनिधि आलोक गोस्वामी सहित अन्य जनप्रतिनिधि तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।